रामपुर

अनानके फाउंडेशन ने निशुल्क कराया कोविड टीकाकरण

हिन्दुस्तान टीम,रामपुर ● Published By: Newswrap
Tue, 28 Sep 2021 05:50 PM

सैदनगर।

अनानके फाउंडेशन ने मंगलवार को मुफ्त कोविड टीकाकरण कराया। इस दौरान 300 से अधिक लोगों को कोविड का टीका लगा। फाउंडेशन के सदस्यों ने को-विन पोर्टल पर पूर्व-पंजीकरण किया जबकि धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर से ऐलान कराया।

सीगन खेड़ा में मंगलवार को अनानके फाउंडेशन की ओर से शिविर लगाकर दिहाड़ी मजदूरों, ठेका श्रमिकों, बुजुर्गों और प्रवासी आबादी को निशुल्क कोविड-टीकाकरण कराया गया। अनानके फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष डॉ मालिनी सबा ने कहा हमने भय को दूर कर लोगो का टीकाकरण के लिए पंजीकरण किया । हमने वैक्सीन लगवाने की हिचकिचाहट से लड़ने के लिए ज्ञान और दृष्टिकोण में सुधार करने की कोशिश की हैं। इस मौके पर हरमीत सिंह, प्रभल प्रभात, शिवम् शर्मा, कार्तिक सक्सेना आदि मौजूद रहे ।